# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**17 April 2026**

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा आपणों खेत-आपणी खाद अभियान कब से संचालित किया जा रहा है?

(A) 02 अप्रैल 2026

(B) 06 अप्रैल 2026

(C) 10 अप्रैल 2026

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान में आपणों खेत-आपणी खाद अभियान संचालित किया जा रहा है:

- अवधि : 6 से 30 अप्रैल 2026 (राज्यव्यापी अभियान)
- उद्देश्य : मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना\

## Yesterday Revision

01. उदयपुर में मुख्य अग्निशमन अधिकारी (CFO) बाबूलाल चौधरी को महानिदेशालय अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड द्वारा फायर सर्विस वीक-2026 में DG-FS, CD एवं HG ब्रॉन्ज डिस्क और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

02. अंतरराष्ट्रीय शूटिंग कैलेंडर के प्रतिष्ठित आयोजन ISSF जूनियर विश्व कप राइफ़ल-पिस्तौल-शॉटगन में राजस्थान की बेटी ख्वाइश शर्मा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

03. हाल ही में 77वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया

04. यूथ गेम्स एजुकेशन फेडरेशन की ओर से 12 अप्रैल को जम्मू में आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में जयपुर के जीडी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र कृष्णा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।।

05. हाल ही में राजस्थान सरकार ने 'चाइल्ड डेवलपमेंट'  की दिशा में एक "सार्थक नाम अभियान" नामक अनोखी पहल शुरू की है

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान के जोधपुर में स्थित जोधपुर म्हारो खेत फार्महाउस जिसे रजनीश अग्रवाल और वेदिका प्रसाद ने बनाया है

(B) म्हारो खेत फार्महाउस को टाइम पत्रिका की 2026 की विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्थानों की सूची में शामिल किया गया है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में, जोधपुर के बाहरी इलाके में स्थित एक छोटा सा फार्महाउस अपनी अनूठी जीवनशैली के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित कर रहा है। यह भव्य महलनुमा होटलों और जीर्णोद्धार किए गए रेगिस्तानी किलों से अलग अनुभव प्रदान करता है।
- थार रेगिस्तान में स्थित 40 एकड़ में फैला म्हारो खेत, एक पुनर्योजी फार्म है, जिसे टाइम पत्रिका की 2026 की विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्थानों की सूची में शामिल किया गया है।
- इस प्रॉपर्टी का नाम मारवाड़ी भाषा में "म्हारो खेत" है। इसे पति-पत्नी रजनीश अग्रवाल और वेदिका प्रसाद ने बनाया है,
- टाइम पत्रिका की वार्षिक सूची में दुनिया भर के उन स्थलों को शामिल किया गया है जो अपने डिज़ाइन, सांस्कृतिक संदर्भ या विशिष्ट पर्यटक अनुभवों के लिए जाने जाते हैं।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान पुलिस के 77वां स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल का लोकार्पण किया

(2) इससे पेंशन संबंधी प्रक्रियाएं सरल व पारदर्शी बनेंगी।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं
(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान पुलिस के 77वां स्थापना दिवस के अवसर पर 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजकॉप सिटीजन ऐप से जुड़े राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल का लोकार्पण किया।
- इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के हजारों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उनके परिजन अब घर बैठे डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।
- इससे पेंशन संबंधी प्रक्रियाएं सरल व पारदर्शी बनेंगी और बुजुर्ग पेंशनर्स को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे

**03. हाल ही में राजस्थान में "प्रोजेक्ट कराकल की शुरुआत 15 अप्रैल 2026 को किस जिले से की गई है**

(A) जयपुर

(B) सवाई माधोपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

राजस्थान वन विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2026 को रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में 'प्रोजेक्ट कराकल' का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में विलुप्ति की कगार पर खड़ी दुर्लभ जंगली बिल्ली 'कराकल' (Karakal) का वैज्ञानिक अध्ययन, आवास संरक्षण और समुदाय-आधारित संरक्षण सुनिश्चित करना है।

• प्रोजेक्ट का संचालन - राजस्थान वन विभाग द्वारा भारतीय वन्यजीव संस्थान, SACON एवं टाइगर वॉच के सहयोग से।

✓ उद्देश्य - जंगली दुर्लभ बिल्ली के संरक्षण हेतु।

इस परियोजना के तहत कराकल की मौज़ूदगी वाले क्षेत्रों की पहचान, उनकी निगरानी (Monitoring) के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग और अनुसंधान को बढ़ावा देना है

## 04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राज्य सरकार द्वारा राज्य के व्यापार एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू की गई है।

(B) पॉलिसी के अंतर्गत नए सूक्ष्म उद्यम के लिए 7 करोड़ रूपए तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान का प्रावधान किया गया है।

## सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के व्यापार एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025 लागू की गई है।
- पॉलिसी के अंतर्गत नए सूक्ष्म उद्यम के लिए 2 करोड़ रूपए तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान का प्रावधान किया गया है।

इश्योरेन्स के लिए भुगतान की गई राशि (प्रीमियम) का 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपए प्रतिवर्ष ) पुनर्भरण सहायता दी जाएगी। साथ ही

- सी.जी.टी.एम.एस.ई. फीस का 50 प्रतिशत (5 वर्ष तक) पुनर्भरण सहायता भी प्रदान कि जाएगी।
- योजना में ऑनलाईन एस.एस.ओ. आईडी के माध्यम से राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी ऑईकन द्वारा आवेदन किया जा सकता है।
- यह नीति 3 दिसंबर 2025 को मंजूरी के बाद, अप्रैल 2026 में सक्रिय रूप से लागू की गई है

**05. हाल ही में किसे राज्य स्तर पर मछली अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?**

(A) सुनीता बिश्नोई

(B) शांति शर्मा

(C) अनीता चौधरी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- बारां जिले की शेरगढ़ सेंचुरी की फॉरेस्ट गार्ड अनीता चौधरी को राज्य स्तर पर मछली अवॉर्ड से सम्मानित किया है। उन्होंने अब तक 500 से अधिक वन्यजीवों का रेस्क्यू किया है। साथ ही शिकारियों को पकड़ने में भी भूमिका निभाई है।
- यह सम्मान उन्हें जयपुर में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से आयोजित समारोह में दिया। चौधरी को अवॉर्ड के साथ-साथ 50 हजार रुपए की राशि दी गई। चौधरी उपखंड स्तर, जिला स्तर पर भी सम्मानित हो चुकी हैं।
- उन्होंने अब तक लगभग 550 से अधिक वन्यजीवों का रेस्क्यू किया है, जिनमें 50 से अधिक सांप भी शामिल हैं।

जयपुर, बुधवार, 15 अप्रैल, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-55

1 **प्रधानमंत्री** मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सहायता राशि को राजस्थान सरकार द्वारा बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?
(A) 5,500 रुपये
(B) 6,000 रुपये
(C) 6,500 रुपये
(D) 8,000 रुपये

2 **हाल** ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के किस जिले से युवतियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए 'एचपीवी वैक्सीन अभियान' का शुभारंभ किया?
(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) अजमेर
(D) उदयपुर

3 **राज्य** सरकार द्वारा संचालित 'मा वाउचर योजना' का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) बालिकाओं को मुफ्त साइकिल वितरण
(B) गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा
(C) महिला स्वयं सहायता समूहों को ब्याज मुक्त ऋण
(D) बालिका के जन्म पर आर्थिक सहायता

4 **राजस्थान** सरकार के समस्त विभागों में प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल, पारदर्शी और पेपरलेस बनाने के लिए संचालित एकीकृत प्लेटफॉर्म का नाम क्या है?
(A) राज-काज
(B) राज-दर्पण
(C) ई-प्रशासन राजस्थान
(D) सुशासन पोर्टल

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत करौली जिले का खेल कौन सा है?
(A) कुश्ती
(B) एथलेटिक्स
(C) बास्केटबॉल
(D) क्रिकेट

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में 77वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर 16 अप्रैल को राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन कहां किया गया**

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) उदयपुर
(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine